भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2333

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओडिशा में आयुष विश्वविद्यालय

2333. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा राज्य में कोई राष्ट्रीय या राज्य आयुष विश्वविद्यालय नहीं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) यह देखते हुए कि ओडिशा के बरगढ़ जिले के पैकमल क्षेत्र में स्थित गंधमर्दन (गंधादर्धन) पर्वत भारत के सबसे समृद्ध हर्बल जैव विविधता क्षेत्रों में से एक है, जिसमें आयुर्वेद के लिए ऐतिहासिक महत्व रखने वाली औषधीय और वानस्पतिक पौधों की 2,000 से अधिक प्रजातियां हैं, तथापि क्या सरकार द्वारा ओडिशा में, विशेषकर गंधमर्दन क्षेत्र के निकट, आयुष विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के लिए कोई सर्वेक्षण या व्यवहार्यता अध्ययन किया गया है या किए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और समय-सीमा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का ओडिशा में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी में अनुसंधान को बढ़ावा देने, औषधीय पौधों के संरक्षण और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजन हेतु आयुष विश्वविद्यालय या उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): वर्तमान में, ओडिशा राज्य में कोई राष्ट्रीय या राज्य आयुष विश्वविद्यालय नहीं है। हालाँकि, स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए किसी भी राज्य में नए आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना का कार्य संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। इसके अलावा, ओडिशा में नए आयुष विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के लिए, केंद्र सरकार ने कोई सर्वेक्षण या व्यवहार्यता अध्ययन प्रस्तावित या आयोजित नहीं किया है।

(घ): वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****